मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **12.02.2020**

विज्ञप्ति संख्या- 172/2020

12 फरवरी 2020

आर्यभट्ट सभागार, रांची

======================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन आर्यभट्ट सभागार, मोरहाबादी, रांची में आयोजित रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित हुए

======================

मुख्यमंत्री ने रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रेस क्लब के सफल संचालन के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं

======================

★जनहित सर्वोपरि रहे

★ समाज, राज्य और देश के विकास में प्रेस मीडिया की भूमिका अहम्

... हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री

=====================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि समाज, राज्य और देश के विकास में प्रेस-मीडिया से जुडे लोगों की भूमिका अहम् होती है। मीडिया लोकतंत्र में चौथे स्तंभ के रूप में स्थापित है। सामाजिक दृष्टिकोण में भी प्रेस-मीडिया से जुडे लोगों का स्थान बहुत ही प्रभावी रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में कई ऐसी चीजें हैं जो सरकार को नजर नहीं आ पाती है परंतु आप के माध्यम से ही ऐसी चीजों से सरकार अवगत होती है। मीडिया और सरकार जनहित के लिए समर्पित होकर कार्य करे। सामाजिक तौर पर कई चीजों को ठीक किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मौजूदा सरकार ने सरकार गठन के बाद से ही कई छोटे-बड़े समस्याओं का निस्तारण लगातार कर रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री ने आज आर्यभट्ट सभागार, मोरहाबादी, रांची में आयोजित रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में अपने संबोधन में कहीं।

मुख्यमंत्री ने सभी पत्रकारों को दी बधाई और शुभकामनाएं

मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन ने कहा कि रांची में प्रेस क्लब आपके पास है और लोकतांत्रिक रूप से इसे आप सभी पत्रकार आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। रांची प्रेस क्लब कमिटी का यह दूसरा चुनाव था। उन्होंने कहा कि राज्य में पत्रकारों की बड़ी संख्या है। रांची प्रेस क्लब के चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों तथा जिन पत्रकारों ने वोट दिया और चुनाव प्रक्रिया में किसी भी रूप में अपनी भूमिका निभायी है उन्हें भी बधाई देता हूं।

एक आदर्श प्रेस क्लब का उदाहरण प्रस्तुत करें

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि रांची प्रेस क्लब से जुड़े पत्रकार और कर्मी अपनी प्रतिबद्धता और सकारात्मक कार्यों के बदौलत देश में एक आदर्श प्रेस क्लब का उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

अपनी-अपनी व्यवस्थाओं में ईमानदारी महत्वपूर्ण

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि यह हर्ष का विषय है कि सरकार भी नयी है और प्रेस क्लब दूसरी कमिटी भी नयी बनी है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि सरकार अपनी व्यवस्था में और प्रेस क्लब अपनी व्यवस्था में निष्ठापूर्वक काम करें तो विकसित झारखंड के सपने को पूरा करने में गति मिलेगी।

पत्रकारों के कार्यों में सुगमता प्रदान करने में सरकार की जो भी भूमिका होगी सरकार निभाएगी

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि पत्रकारों के हित में और उनके कार्यों में सुगमता प्रदान करने में सरकार की जो भी भूमिका होगी वह सरकार जरूर निभाएगी। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश रहेगी कि प्रेस क्लब और मजबूत बने।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री राजेश सिंह ने इस अवसर पर सबका स्वागत करते हुए पत्रकारों के समस्याओं के संबंध में अपनी बातें रखी।

रांची प्रेस क्लब के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पूर्व लोकायुक्त श्री अमरेश्वर सहाय ने दिलायी शपथ

इस अवसर पर प्रेस क्लब कमिटी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पूर्व लोकायुक्त एवं न्यायमूर्ति श्री अमरेश्वर सहाय ने विधिवत रूप से शपथ दिलायी।

इस अवसर पर पूर्व लोकायुक्त एवं न्यायमूर्ति श्री अमरेश्वर सहाय, विधायकों में श्री नवीन जायसवाल, श्रीमती दीपिका पांडे सिंह, सुश्री अंबा प्रसाद, श्री समरीलाल तथा रांची की मेयर श्रीमती आशा लकड़ा, साथ ही, रांची विश्वविद्यालय के कुलपति श्री रमेश पांडेय, डिप्टी मेयर श्री संजीव विजयवर्गीय, रांची प्रेस क्लब के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी, पत्रकारिता जगत के गणमान्य लोग, अन्य सम्मानित अतिथियों के साथ साथ बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।

================

#TeamPRD(CMO)